भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †3986
सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तमिलनाडु में प्रसाद योजना के अंतर्गत परियोजनाएँ**

†3986. **श्री अ. मनि:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में शुरू की गई प्रमुख परियोजनाओं, जैसे विरासत/आध्यात्मिक स्थलों के विकास की स्थिति क्या है और उनके पूरा होने की प्रत्याशित समय-सीमा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में उक्त योजना के अंतर्गत विकसित किए गए विशिष्ट अवसंरचना घटकों, जैसे पर्यटन सुविधाएँ, सुख-सुविधाएँ, संपर्क सड़कें, प्रकाश व्यवस्था, संकेतक, व्याख्या केंद्र और पर्यावरण-अनुकूल समाधानों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या वर्तमान में प्रसाद योजना के अंतर्गत तमिलनाडु से, विशेषकर धर्मपुरी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन है या अनुमोदन के लिए प्रतीक्षारत है और यदि हाँ, तो किसी भी विलंब का ब्यौरा और कारण क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार का तमिलनाडु में, विशेषकर अल्पसेवित जिलों में, अतिरिक्त आध्यात्मिक और विरासत स्थलों को शामिल करने के लिए प्रसाद योजना के दायरे का विस्तार करने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटक स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत तमिलनाडु राज्य सहित देश में चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

इस योजना के अंतर्गत, पर्यटन मंत्रालय ने तमिलनाडु राज्य में कांचीपुरम का विकास, वेलंकन्नी का विकास और 8 नवग्रह मंदिरों का विकास नामक तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन परियोजनाओं हेतु वित्तीय सहायता हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के संदर्भ में जाँच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा धनराशि की उपलब्धता के अध्यधीन ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

**अनुबंध**

श्री अ. मनि द्वारा तमिलनाडु में प्रसाद योजना के अंतर्गत परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 18.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †3986 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**तमिलनाडु राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

(**करोड़ रु. में**)

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **घटक** | **स्वीकृति वर्ष** | **स्वीकृत राशि** | **स्थिति** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कांचीपुरम का विकास | पर्यटक सूचना केंद्र, क्लॉक रूम, आरओ प्लांट, पाथवे, संकेतक, पार्किंग सुविधाएं, सुरक्षा कक्ष, सैनिटरी ब्लॉक, पर्यटक व्याख्या केंद्र, प्राकृतिक जल निकायों/मंदिर के टैंकों का जीर्णोद्धार, कम्पाउंड वॉल, प्रवेश/प्रवेश द्वार, बैठने की सुविधाएं | 2016-17 | 13.99 | पूर्ण |
| 2. | वेलंकन्नी का विकास | पेवर ब्लॉक रोड, शौचालय ब्लॉक, कम्पाउंड वॉल, रिटेनिंग वॉल, रेलिंग के साथ पाथवे, बैठने की बेंच, स्ट्रीट लाइटिंग, नियंत्रण कक्ष के साथ सीसीटीवी सिस्टम | 2016-17 | 4.86 | पूर्ण |
| 3. | 8 नवग्रह मंदिरों का विकास | प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम, शौचालय, नवग्रह सेलेस्टियल पार्क, वर्षा जल संचयन, दिशासूचक संकेतक | 2024-25 | 40.94 | जारी है |

*****